# ऐसी क्या जल्दी थी जो सौम्या गुर्जर का नाम चाकू से कुरेद-कुरेदकर हटाया?

## उपमहापौर पुनीत कर्णावट ने ग्रेटर निगम कमिश्नर महेन्द्र सोनी को पत्र लिखकर नाराजगी जताई

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। सौम्या गुर्जर की बर्खास्तगी के बाद जयपुर ग्रेटर महापौर कार्यालय से उनका नाम चाकू से कुरेदकर हटाने पर विवाद खड़ा हो गया है। दरअसल पूर्व निगम आयुक्त यज्ञमित्र सिंह देव के साथ बदसलूकी मामले की न्यायिक जांच के आधार पर राज्य सरकार ने सौम्या गुर्जर को महापौर पद से बर्खास्त कर दिया। साथ ही निगम की सदस्यता खत्म करते हुए 6 साल तक निकाय चुनाव लड़ने पर भी प्रतिबंध लगा दिया। सरकार के इस आदेश के बाद नगर निगम प्रशासन ने भी सौम्या गुर्जर की गाड़ी और तमाम सभी सुविधाएं वापस लेने के आदेश जारी कर दिये। इसी बीच नगर निगम प्रशासन द्वारा महापौर कार्यालय से सौम्या गुर्जर की नेम प्लेट हटाने के तरीके को लेकर भाजपा पार्षदों ने नाराजगी जताई है। महापौर कक्ष के बाहर गेट के ऊपर गुलाबी रंग के बोर्ड पर सौम्या गुर्जर नाम अंकित था। भाजपा पार्षदों का आरोप है कि अधिकारियों के निर्देश पर कर्मचारियों ने चाकू से कुरेद-कुरेदकर नाम हटाया। इसे लेकर उपमहापौर पुनीत कर्णावट ने भी कड़ी आपत्ति जताई है।




उप महापौर ने ग्रेटर नगर निगम कमिश्नर महेंद्र सौनी को नोटशीट भेजकर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने इस काम में लिप्त कार्मिकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कर्णावट ने नोटशीट में लिखा है कि सौम्या गुर्जर के नाम को चाकू से कुरेद-कुरेदकर हटाना निंदनीय कृत्य है। मैं यह समझने में असमर्थ हूं कि आखिर किसके निर्देश हैं। आखिर ऐसी क्या आफत आन पड़ी कि नाम को इस तरह से हटाया गया। राज्य सरकार का आदेश अंतिम आदेश नहीं है। इसे लेकर न्यायिक फोरम पर चुनौती भी दी जाएगी, लेकिन यह कृत्य निंदनीय है।

- **सरकार तो पहले भी सौम्या गुर्जर को महापौर पद से हटा चुकी थी, लेकिन अदालती राहत पर उन्होंने वापसी करके पुनः कुर्सी संभाली, राज्य सरकार का यह आदेश भी कोई अंतरिम नहीं था : उपमहापौर**

### सौम्या गुर्जर के हाईकोर्ट पहुंचने से पहले सरकार ने दायर की केविएट

**जयपुर** (कासं)। ग्रेटर महापौर पद से बर्खास्तगी और 6 साल के लिए चुनाव लड़ने के आदेश को सौम्या गुर्जर द्वारा चुनौती देने की संभावना देखते हुए राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में केवियट पेश की है।

ऐसे में यदि सौम्या गुर्जर हाईकोर्ट में याचिका दायर करती है तो अदालत किसी भी तरह का अंतरिम आदेश देने से पहले राज्य सरकार का भी पक्ष सुनेगी। राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता अनिल मेहता की ओर से दायर केविएट में कहा है कि इस मामले में हाईकोर्ट कोई भी अंतरिम आदेश देने से पहले राज्य सरकार का पक्ष भी सुना जाए। गौरतलब है कि राज्य के स्वायत्त शासन विभाग ने मंगलवार को एक आदेश जारी कर वार्ड संख्या 85 की सदस्य व ग्रेटर मेयर सौम्या गुर्जर को न्यायिक जांच में दोषी पाए जाने पर राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 के तहत कार्रवाई करते हुए उनकी सदस्यता को खत्म कर उन्हें मेयर पद से हटा दिया है। वहीं उन्हें छह साल के लिए चुनाव लडने के लिए अयोग्य भी ठहराया गया है। राज्य सरकार की इस कार्रवाई को सौम्या के हाईकोर्ट में चुनौती देने की संभावना के चलते राज्य सरकार ने केविएट दायर की है। ताकि सरकार की पहले की तरह कोई किरकरी नहीं हो।

# 36 बीघा कृषि भूमि पर बसाई जा रही 4 अवैध कॉलोनियां खुर्द-बुर्द

## जेडीए ने खेड़ी गोकुलपुरा और वाटिका क्षेत्र में कार्रवाई की

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। कृषि भूमि का भू-रूपांतरण करवाये बिना 36 बीघा जमीन पर चार अवैध कॉलोनियां काट रहे काश्तकार और बिल्डरों ने जेडीए प्रशासन ने मंगलवार को शिकंजा कसा। रिंग रोड के पास खेड़ी गोकुलपुरा, वाटिका में सीमलिया रोड और मोहनपुरा के नजदीक सामली की ढाणी में यह अवैध कॉलोनियां बसाई जा रही थी। बिल्डरों ने जेडीए प्रशासन की बिना अनुमति यह अवैध कॉलोनियां तैयार की और छोटे-छोटे प्लॉट काटकर लोगों को बेचना भी शुरू कर दिया। कॉलोनी बसाने के लिए ग्रेवल रोड और बाउंड्रीवाल समेत कई निर्माण भी चालू कर दिये थे। मंगलवार को जेडीए की प्रवर्तन टीम ने बुलडोजर की मदद से इन सभी अवैध कॉलोनियों को खुर्द-बुर्द किया।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि जोन-14 में रिंग रोड के पास ग्राम-खेडी गोकुलपुरा तथा ग्राम-वाटिका में सरकारी स्कूल के पीछे तथा महर्षि गौतम स्कूल के पास 3-3 बीघा निजी खातेदारी की कृषि भूमि समतल कर रातोंरात ग्रेवल रोड व कई निर्माण चालू कर दिये थे। ग्राम-मोहनपुरा के नजदीक सामली की ढाणी, तलाई की ढाणी रोड खेजडाला गांव में 22 बीघा जमीन को समतल कर ग्रेवल सड़क और बाउंड्रीवाल समेत कई अवैध निर्माण शुरू कर दिये गये थे। ग्राम-



वाटिका में सीमलिया रोड पर नवग्रह जैन मंन्दिर से आगे करीब 8 बीघा कृषि भूमि पर भी ऐसा ही निर्माण किया हुआ था। मंगलवार को जेडीए की प्रवर्तन टीम ने इन चारों जगहों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण व सड़कें खुर्द-बुर्द की। अवैध निर्माण हटाने पर जो भी खर्चा हुआ है, उसे भी काश्तकार से वसूला जायेगा। इसके अलावा जोन-5 में निर्माण नगर ई ब्लॉक कॉलोनी में जेडीए स्वामित्व की सरकारी-पार्क की जमीन पर कब्जा करने के लिए करीब 2.5 बीघा जमीन पर लगाए गए सीमेंट के 10-12 पिल्लरों को भी हटाया।

# घर में हथियारबंद चोर से भिड़ा 11 साल का मासूम

- **बदमाश ने बच्चे के सीने व सिर पर सरिये से वार किया, फिर भी उसने पैर नहीं छोड़ा**
- **आखिकार चोर ने बच्चे को उठाकर घर से बाहर फेंक दिया और चिल्लाने पर खुद भी भाग छूटा**

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। घर में घुसे चोर से 11 साल का नन्हा बच्चा भिड़ गया। बदमाश का पैर पकड़कर वह जोर-जोर से चिल्लाने लगा। चोर ने बच्चे पर सरिए से ताबड़तोड़ वार किए। इसके बावजूद बच्चे ने पैर नहीं छोड़ा तो उसे उठाकर दूर फेंक दिया। मामला जयपुर के करधनी इलाके का 22 सितंबर का है। घरवालों ने 26 सितंबर को पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने बताया कि हरि नगर गोकुलपुरा निवासी सत्येंद्र शर्मा (42) ज्योतिषी है। सत्येंद्र पत्नी स्वाति (38), बेटे देवांश (11) और दिव्य (7) के साथ यहां रहते हैं। स्वाति प्राइवेट स्कूल में टीचर है। बेटा देवांश छठी क्लास और दिव्य फर्स्ट क्लास में पढ़ता है। 22 सितंबर को स्वाति का बीएड का एग्जाम था। आमेर स्थित महाराज कॉलेज में स्वाति को एग्जाम दिलाने के लिए सत्येंद्र गए थे। इस दौरान घर में दोनों बेटे ही मौजूद थे। दोपहर करीब सवा 3 बजे छोटा बेटा दिव्य अंदर कमरे में सो रहा था। बड़ा बेटा देवांश घर के पोर्च में बैठकर खेल रहा था। तभी एक बदमाश गेट खोलकर अंदर आया तो पोर्च के बैठे देवांश ने उसे देख लिया। वह जोर-जोर से आवाज लगाने लगा। आवाज लगाते देखकर बदमाश देवांश की ओर दौड़ा। देवांश का गला पकड़कर सरिए से सीने पर ताबड़तोड़ वार किए। जमीन पर गिरने पर देवांश ने बदमाश का पैर पकड़ लिया। बदमाश ने सरिए से देवांश के पैर और सिर पर वार किए। गला पकड़कर देवांश को उठाकर घर से बाहर फेंक दिया।

चोट लगने पर देवांश चीखने-चिल्लाने लगा। आवाज सुनकर पडौसी घरों से बाहर निकले और घायल मासूम को संभाला। पूछने पर उसने बताया कि घर में चोर घुसा था। उसके साथ मारपीट कर भाग गया। पडौसियों ने आसपास की गलियों में जाकर देखा, लेकिन बदमाश नहीं मिला।

पडौसियों ने फोन करके सत्येंद्र को घटना के बारे में बताया। सत्येंद्र ने अपने भाई अशोक और पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। अशोक घायल देवांश को पास स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल ले गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। पुलिस में शिकायत देने पर सोमवार शाम एफआईआर दर्ज की गई। घर के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने पर बदमाश वहां से भागते नजर आया।

करधनी थानाधिकारी बनवारी लाल मीणा का कहना है कि पुलिस को बच्चे ने बताया था कि चाकू से हमला किया है। उसके सीने और हाथ पर कई निशान मिले हैं, लेकिन वह चाकू के नहीं है। मामले को संदिग्ध मानते हुए शिकायत में रखा गया। पीड़ित की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# मीडिया-मनोरंजन क्षेत्र को वर्ष 2030 तक 100 बिलियन डॉलर करने का लक्ष्य : चंद्रा

## 'केन्द्र सरकार मॉडल थिएटर पॉलिसी और सिंगल-विंडो क्लीयरेंस लेकर आएगी'

**जयपुर** (कासं)। केन्द्रीय सूचना और प्रसारण सचिव अपूर्व चंद्रा ने मीडिया और मनोरंजन उद्योग से आव्हान किया कि साल 2030 तक इस उद्योग को 100 बिलियन डॉलर से भी ज्यादा तक बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित करें। मंगलवार को मुंबई में फिक्की फ्रेम्स फास्ट ट्रैक-2022 के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए सचिव अपूर्व चंद्रा ने कहा कि भारत अगले 10 वर्षों में 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था होगी। सूचना और प्रसारण मंत्रालय मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्र को सहायता देने और इसे विकसित करने में मदद करने के लिए हर मुमकिन मदद करेगा।"

चंद्रा ने कहा भारत में फिल्म क्षेत्र में ज्यादा विदेशी निवेश लाने के लिए इन्वेस्ट इंडिया का लाभ उठाया जाएगा। मंत्रालय ने विभिन्न फिल्म इकाइयों का विलय कर दिया है। मुंबई स्थित एनएफडीसी, सरकार की सिनेमाई शाखा का केंद्र बनने जा रहा है। हम फिल्म सुविधा कार्यालय को नया रूप देना चाहते है। इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार द्वारा बनाई गई मुख्य निवेश शाखा इन्वेस्ट इंडिया को सौंपने जा रहे हैं, ताकि फिल्म उद्योगों को भारत में आकर्षित किया जा सके। इस साल भारत में 100 अरब डॉलर से ज्यादा का एफडीआई आ रहा है। हम विदेशी निवेश लाने के लिए इन्वेस्ट इंडिया का लाभ उठाना चाहते हैं, हम विदेशी फिल्मकारों तक पहुंचेंगे ताकि वे भारत




केन्द्रीय सूचना व प्रसारण सचिव अपूर्व चंद्रा

आ सकें। उन्होंने कहा कि बग़ैर डेटा की खपत के मोबाइल फोन पर ऊंची गुणवत्ता वाला डिजिटल कंटेंट लाने के लिए डायरेक्ट-टू-मोबाइल प्रसारण की अत्याधुनिक तकनीक का पता लगाया जा रहा है।

अपूर्व चंद्रा ने घोषणा करते हुए कहा कि भारत सरकार राज्यों के साथ मिलकर काम करेगी और एक मॉडल थियेटर नीति तैयार करेगी। पिछले 5-6 वर्षों में सिनेमाघरों की संख्या में गिरावट आई है। हमें इस प्रवृत्ति को उलटने की जरूरत है। हम फिल्म सुविधा कार्यालय को इन्वेस्ट इंडिया के साथ मिलकर काम करने का जिम्मा देंगे ताकि थिएटर खोलने के लिए सिंगल-विंडो पोर्टल बनाया जा सके, ताकि ज्यादा से ज्यादा थिएटर बन सकें और जनता को सिनेमाघरों में फिल्मों का जादू देखने के ज्यादा मौके मिल सकें। हम राज्यों के साथ मिलकर एक मॉडल थिएटर पॉलिसी भी बनाएंगे, ताकि राज्य इसे अपना सकें और उस पर काम कर सकें।"

- **'फिल्म क्षेत्र में ज्यादा विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए इन्वेस्ट इंडिया के सहयोग से फिल्म सुविधा कार्यालय को नया रूप देंगे'**

समारोह में फिल्म निर्माता रमेश सिप्पी, ब्रिटेन के वेस्ट यॉर्कशायर की मेयर ट्रेसी ब्रेबिन, एक्टर रणवीर सिंह, पुनर्युग के संस्थापक और फिक्की एवीजीसी फोरम के अध्यक्ष आशीष कुलकर्णी, संचार और आईटी पर स्थायी समिति की सदस्य, सांसद सुमलता अंबरीश, परिवहन, पर्यटन और संस्कृति पर स्थायी समिति की सदस्य सांसद प्रियंका चतुर्वेदी, संचार और आईटी पर स्थायी समिति के सदस्य, सांसद संजय सेठ और फिक्की के महानिदेशक अरुण चावला उपस्थित थे।

# बस की टक्कर से स्कूटी सवार महिला की मौत

**जयपुर** (कासं)। ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में मंगलवार को टनल के पास रोडवेज की अनुबंधित बस ने स्कूटी सवार महिला को कुचल दिया। सुबह करीब पौने 12 बजे तेजी से आ रही बस ने स्कूटी को पीछे से चपेट में लिया। महिला बस के टायर के नीचे आ गई। शरीर का आधा हिस्सा बुरी तरह से कुचल जाने के कारण महिला की मौके पर ही मौत हो गई।

थानाधिकारी जयमल सिंह ने बताया कि मृतका की पहचान राम नगर मच्छ की पीपली, गोनेर निवासी प्रीति अग्रवाल (36) के रूप में हुई है। प्रीति घर से स्कूटी लेकर निकली थी, वहां यहां ट्रांसपोर्ट नगर बस स्टैंड पर गंगापुर जा रही अपनी मां को कुछ सामान देने आई थी। मां से मिलने से पहले ही हादसे में उसकी मौत हो गई।

घटनास्थल से कुछ दूरी पर उनकी मां मिल गई, जिनके मोबाइल से पुलिस ने प्रीति के पति को घटना की जानकारी दी। दुर्घटना के बाद चालक बस छोड़कर भाग गया। पुलिस बस जब्त कर मामले की जांच कर रही है। प्रीति के पति विजेन्द्र गुप्ता ने बताया कि प्रीति की मां गंगापुर की रहने वाली है।

वह यहां पोते-पोती को पढ़ाने के लिए महेश नगर में उनके साथ रहती है। मंगलवार को वह गंगापुर जा रही थी। प्रीति उन्हें बाजार से लाया कुछ सामान देने गई थी। हादसे का पता चलने के बाद प्रीति के 12 वर्षीय बेटे तनिष्क और 7 वर्षीय बेटी ख्याति का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजन दिनभर परिवार का ढांढस बंधाते रहे।

## सार-समाचार

### सीएमए जयपुर चैप्टर को अवार्ड मिला

**जयपुर**। दी इन्स्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउन्टेन्ट्स ऑफ इंडिया की उत्तर भारत क्षेत्रीय परिषद की नई दिल्ली में आयोजित साधारण सभा में जयपुर चैप्टर को वर्ष 2021-22 के लिए उत्तर भारत क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ चैप्टर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। चैप्टर की ओर से चेयरमैन सीएमए सुदर्शन नाहर, वाइस चेयरमैन सीएमए हरेन्द्र कुमार पारीक, सैक्रेटरी सीएमए डॉ. दीपक कुमार खंण्डेलवाल, चैप्टर की प्रबंध समिति के सदस्य सीएमए श्याम लाल स्वामी, सीएमए स्वप्निल भण्डारी व पूर्व चेयरमैन सीएमए राकेश यादव ने चैप्टर के अन्य सदस्यों के साथ अवार्ड प्राप्त किया। चैप्टर के चेयरमेन सीएमए सुदर्शन नाहर ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्यो के लिए जयपुर चैप्टर को बैस्ट चैप्टर अवार्ड से सम्मानित किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि चैप्टर द्वारा तत्कालीन चेयरमैन सीएमए श्याम लाल स्वामी के कुशल नेतृत्व और मार्ग दर्शन में विद्यार्थियों के लिए कैरियर काउंसलिंग, शिक्षण और प्लेसमेंट उपलब्ध कराया गया। इसके अलावा चैप्टर द्वारा सामाजिक दायित्व के विभिन्न कार्य किये गये। चैप्टर के चेयरमेन नाहर ने ये उपलब्धि हासिल करने का श्रेय प्रबंध समिति के सभी सदस्यों, स्टाफ और चैप्टर के सदस्यों के अथक प्रयासों को दिया। इस अवसर पर चैप्टर के वाइस चेयरमैन सीएमए हरेन्द्र कुमार पारीक को उत्तर भारतीय क्षेत्र में बैस्ट परफोरमेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। साथ जयपुर चैप्टर के कुछ सदस्यों को प्रशंसा पुरस्कार द्वारा भी सम्मानित किया गया।

### मुम्बई जा रहे विमान से पक्षी टकराया

**जयपुर** (कासं)। जयपुर एयरपोर्ट पर एयर एशिया के विमान के रवाना होने से पहले ही बड़ा हादसा टल गया। दरअसल एयर एशिया का विमान सुबह 10.25 बजे मुंबई जाने के लिए तैयार था। उसी वक्त उसके पंख से एक पक्षी टकरा गया और पक्षी विमान में पंख में ही फस गया। पायलट ने तुरंत इसकी सूचना एयरलाइंस कंपनी व कंट्रोल रूम को दी। इसके बाद यात्रियों को विमान से उतारा गया। सूचना पर तुरंत इंजीनियर मौके पर पहुंचे। उन्होंने करीब पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद विमान को उडान भरने की स्वीकृति दी। जिसके बाद दोपहर साढ़े तीन बजे विमान मुंबई के लिए रवाना हुई। विमान के देरी से रवाना के कारण यात्रियों को भारी परेशानी से जूझना पड़ा। यात्रियों के असुविधाओं का वीडियो भी सोशल साइट्स पर वायरल किया। जिसमें स्कूली बच्चे ग्रुप में फर्श पर बैठे इंतजार करते नजर आ रहे है। यात्रियों का आरोप है कि एयरलाइन कंपनी ने उनके लिए वैकल्पिक इंतजाम भी नहीं किए। इधर, एयरलाइन कंपनी के प्रतिनिधि का कहना है कि परेशानी जैसी कोई बात नहीं थी। ऑपरेशनल कारण की वजह से देरी हुई। यात्रियों लंच भी दिया गया था। पता चला कि विमान में 150 यात्री थे।

### नर्सिंग शिक्षक भर्ती मांग पर प्रदर्शन

**जयपुर**। नर्सिंग शिक्षक भर्ती प्रक्रिया की मांग को लेकर बेरोजगार नर्सेज कर्मियों ने ग्लोबल फाउंडेशन, राजस्थान संविदा नर्सेज एसोसिएशन एवं राजस्थान प्राइवेट नर्सेज एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में राजमेंस पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्लोबल फाउंडेशन के अध्यक्ष ओम प्रकाश स्वामी व राजस्थान प्राइवेट नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चौधरी ने बताया कि बेरोजगार नर्सेज कर्मियों की मांगों पर सरकार बार-बार आग्रह के बाद भी कोई ध्यान नहीं दे रही है। राजमेस ने जो नर्सिंग शिक्षक भर्ती के नियम बनाए हैं, वह बेरोजगार कर्मियों के साथ तानाशाही फैसला है। नर्सिंग शिक्षक भर्ती प्रक्रिया की मांग को लेकर आज बेरोजगार नर्सेज करनी राजमेस, राजापार्क पर एकत्रित हुए जहां उन्होंने विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। राजस्थान संविदा नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष गिरीश शर्मा ने चेतावनी दी है कि अति शीघ्र नर्सिंग शिक्षक भर्ती प्रक्रिया को पूरा किया जाए अन्यथा संपूर्ण राजस्थान में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान स्वास्थ्य भवन का घेराव कर बेरोजगार नर्सेज कर्मी धरना प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर डॉ. योगेश यादव, डॉ. सतीश अवस्थी, सुनील शर्मा, सुरेंद्र मिश्रा, हेमंत त्यागी, शिवकुमार शर्मा, कृष्णानंद मित्तल, संदीप बुडानिया, रघु पारीक व देवेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

### पेड़ से लटका मिला अधेड़ का शव

**जयपुर**। खिरणी फाटक के पास मंगलवार सुबह एक व्यक्ति का शव पेड़ से लटका हुआ मिला। मॉर्निंग वॉक कर रहे लोगों ने 100 नम्बर पर पुलिस को घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलने पर झोटवाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल को मौके पर बुलाया। जिसके बाद शव को नीचे उतार कर कांवटिया अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। पुलिस ने बताया क मृतक की पहचान बुद्धि प्रकाश कुमावत के रूप में हुई है। वह झोटवाड़ा इलाके की शिल्प कॉलोनी का रहने वाला है। अभी तक मिली जानकारी में सामने आया है कि गृह क्लेश से तंग आकर उसने यह कदम उठाया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मौके पर पहुंचे एफएसएल की टीम ने बताया कि मृतक ने दो से तीन घंटे पहले ही सुसाइड किया हैं। उसके पास किसी भी प्रकार का कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। हैरानी की बात यह है कि वह सुसाइड करने के लिए पेड़ पर काफी उंचाई तक चढ़ा। जब कि वह चाहता तो नीचे वाली डालियों में ही सुसाइड कर सकता था। इस विषय को लेकर भी जांच की जा रही है।

### अंकिता के हत्यारों को फांसी की मांग

**जयपुर** (कासं)। उत्तराखंड में अंकिता की हत्या के विरोध में जयपुर में प्रदर्शन किया गया। महारानी कॉलेज के बाहर महर्षि दयानंद सोशल वेलफेयर फाउंडेशन की चेयरपर्सन सवेरा टाक और कॉलेज छात्राओं ने नारेबाजी की। छात्राओं ने उत्तराखंड सरकार और मोदी सरकार से हत्यारों को फांसी देने की मांग की। इधर, छात्राओं के विरोध को देखते हुए भारी पुलिस बल भी तैनात किया गया। प्रदर्शन में राजस्थान यूनिवर्सिटी की संयुक्त सचिव धरा कुमावत, छात्रा गुंजन, कोमल मोहनपुरिया सहित अनेक छात्राएं मौजूद रही।

# 'अंगदान से सिर्फ एक इंसान को नहीं, बल्कि उसके पूरे परिवार को मिलता है जीवनदान'

## 16 वर्षीय गौरवी कौशिक ने आयोजित किया 'ऑर्गन डोनेशन' टॉक शो

**जयपुर** (कासं)। चार साल पहले अपेंडिक्स सर्जरी के दौरान मुझे महसूस हुआ कि शरीर में हर ऑर्गन की क्या अहमियत है। मेरे जीवन में कोई बदलाव नहीं आया, मगर जिनकी बॉडी में कोई महत्वपूर्ण अंग काम ना करे या निकाल दिया जाए तो उन्हें कितनी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ये समझते हुए ही मैंने अंगदान और उससे जुड़ी जानकारी को लोगों तक पहुंचाने की कोशिश में जुट गई। ये कहना था 16 वर्षीय छात्रा, सोशल एक्टिविस्ट और एनजीओ आवर फॉर विज़न की फाउंडर गौरवी कौशिक का।

गौरवी ने कहा कि अंगदान सिर्फ एक इंसान को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार को जीवनदान देता है। 'ऑर्गन डोनेशन' टॉक शो में गौरवी ने ऑर्गन डोनेशन, टिश्यू डोनेशन, ट्रांसप्लांटेशन और उसकी जुड़ी जानकारियां और भ्रांतियों पर खुलकर चर्चा की।

शहर के मानसरोवर स्थित मंगलम प्लस मेडिसिटी हॉस्पिटल में आयोजित हुए इस सैशन में जयपुर के कई ऑर्गन डोनेटर्स, ऑर्गन रिसिपटेंट, सोशल एक्टिविस्ट और सोशलाइट्स मौजूद रहे।

स्पीकर्स के तौर पर मोहन फाउंडेशन जयपुर सिटीजन फोरम (एमएफजीसीएफ) की प्रॉजेक्ट डायरेक्टर डॉ अनीता हाडा, मेंबर एमएफजीसीएफ और जयपुर रोटरी पर्ल प्रेजिडेंट रेनू उबा और किडनी




**मानसरोवर स्थित मंगलम प्लस मेडिसिटी हॉस्पिटल में अंगदान विषय पर आयोजित सत्र में जयपुर के कई ऑर्गन डोनेटर्स, ऑर्गन रिसिपटेंट, सोशल एक्टिविस्ट ने चर्चा की।**

ट्रांसप्लांट रिसिपटेंट, इंडिया बुक ऑफ़ रिकाड्र्स होल्डर, एम्बेसडर ऑर्गन इंडिया आशीष सांगवान मौजूद रहे। डोनर अनीता हाडा ने बताया कि मैंने और मेरे परिवार ने वो दर्द महसूस किया है, जब मेरे बेटे आशीष के नए जीवन के लिए हम हर जद्दोजहद कर रहे थे। इस बीच जब मेरी किडनी और मेरे बेटे की किडनी मैच हुई तब सिर्फ मेरे बेटे को ही नहीं हमारे पूरे परिवार को नया जीवनदान मिला था। हमारे समाज में फैली भ्रांतियां हमें इस महादान से रोकती रही है। मगर अब ज़रूरी है हम शिक्षा का हाथ थामते देते हुए इस का महत्व समझे। मैं मानती हूं कि मृत शरीर अपने साथ धरती से मिट्टी भी नहीं ले जा सकता, अपने जीवन भर की कमाई पूंजी भी यहीं छोड़ जाता है तो ये शरीर तो सबसे पहले पराया है इसे अपने परिवार, अपने समाज और अपने आने वाली पीढ़ियों को भेंट के तौर पर दान करनी चाहिए।

# आरसीडीएफ को तकनीकी सहायता देगी एनडीडीबी

**जयपुर**, (का.सं.)। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड राजस्थान में विभिन्न परियोजनाओं के संचालन में सहयोग के लिये आरसीडीएफ को तकनीकी सहायता देगा ताकि समय पर परियोजनाओं को पूरा किया जा सके। इसके लिये राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के आणंद स्थित मुख्यालय में कार्य योजना तैयार की जा रही है और जल्दी ही अधिकारियों की एक टीम को आरसीडीएफ भेजा जायेगा। आरसीडीएफ द्वारा उत्पादित दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादों के विपणन में सहायता के लिये भी दो अधिकारियों को दो साल के लिये निःशुल्क आरसीडीएफ में भेजा जावेगा। इसके अलावा लम्बी बीमारी से बचाव एवं रोकथाम के लिये प्राथमिकता के आधार पर राजस्थान को वैक्सीनेशन की डोजेज भी मुहैया कराई जायेंगी। यह बात राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के चैयरमेन मीनेश शाह ने आरसीडीएफ की प्रशासक और प्रबन्ध संचालक सुषमा अरोड़ा से आज उनकी एनडीडीबी के आंणद स्थित मुख्यालय यात्रा के दौरान कही। एनडीबीबी ने चारा प्रबन्धन की चुनौति के लिये अपने विशेषज्ञ अधिकारियों को राजस्थान में भेजने का आश्वासन भी दिया है। अरोड़ा से चर्चा के दौरान एनडीडीबी ने पश्चिमी राजस्थान, विशेष रूप से मरूस्थल क्षेत्र में दुधारू पशुओं को पशु आहार के रूप में थोर्नलेस केकटस उपलब्ध कराने का सुझाव भी दिया है। चर्चा के दौरान अरोड़ा ने राजस्थान में पशु आहार की कमी को ध्यान में रखते हुए टोटल मिक्स्ड राशन के ब्लॉक्स के उत्पादन पर भी जोर दिया।

आणंद यात्रा के दौरान सुषमा अरोड़ा ने गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फैडरेशन के चैयरमेन शामल पटेल और प्रबन्ध संचालक आर.एस.सोढ़ी से भी मुलाकात की। इस दौरान अममूल के प्रबन्ध संचालक आर.एस.सोढ़ी ने अरोड़ा को अमूल के विभिन्न उत्पाद और उनके डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क, डिजिटलाईजेशन और ग्राहकों की सन्तुष्टी के लिये किये जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी भी दी।

आरसीडीएफ की प्रबन्ध संचालक सुषमा अरोड़ा ने अमूल डेयरी के प्लान्ट का भी विजिट किया और उनके नेटवर्क और ग्राम स्तर पर विलेज रिसोर्स परसंस की कार्य प्रणाली को विस्तार से समझा और सराहा। अरोड़ा ने आज नेशनल को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन ऑफ इण्डिया की वार्षिक आमसभा में भी भाग लिया।